# छत्तीसगढ़ शासन
# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
# ''मंत्रालय''
# नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक/स.न.प्रशा./2020/59 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक : 01/04/2020

प्रति,

1. समस्त आयुक्त,
   नगर पालिक निगम,
   छत्तीसगढ़।
2. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत,
   छत्तीसगढ़।

**संदर्भ :-** **सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय, क्रमांक/249/निस/स/2020, नवा रायपुर, दिनांक 01.04.2020।**

**विषय :-** **नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण को रोकने – विदेशों /अन्य प्रदेशों से राज्य में आये हुए व्यक्तियों की पहचान कर जानकारी प्रदाय करने के संबंध में ।**

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा यह अवगत कराया गया है कि कोरोना वायरस संकमित प्रभावित देशों की यात्रा से राज्य आये व्यक्ति अपने विदेश यात्रा की जानकारी नही दे रहे हैं। विदेश यात्रा से आये उन व्यक्तियों की पहचान न होने से को स्वास्थ्य विभाग को उनकी जांच कराने में कठिनाई हो रही है। इससे समुदाय स्तर पर संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। उक्त स्थिति को देखते हुए कृपया नगरीय क्षेत्र में 01 जनवरी, 2020 के बाद विदेश यात्रा से आये एवं अन्य राज्यों से आकर यहां निवास कर रहे व्यक्तियों की पहचान कर, जानकारी जिले के स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराये जिससे उन व्यक्तियों में कोरोना संक्रमण की जांच आदि की जाकर संक्रमण को समुदाय स्तर पर रोका जा सके।

कृपया आदेश का पालन कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करें एवं की गई कार्यवाही की जानकारी तत्काल संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को प्रेषित करें।

**(अलरमेलमंगई डी.)**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग**

पृ.क्रमांक / स.न.प्रशा. / 2020 / 60 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक : 01 / 04 / 2020

**प्रतिलिपि :–**

1. निज सहायक, मान. मंत्रीजी, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, अटल नगर नवा रायपुर।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय, अटल नगर नवा रायपुर।
4. संयुक्त संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छ.ग.।
5. क्षेत्रीय समस्त संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, छ.ग.।

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग**